## संपादकीय

# लहर के बाद सुनामी

देश के जनमानस ने भाजपा गठबंधन पर फिर से भरोसा जताकर नरेंद्र मोदी को जो नायकत्व प्रदान किया है, वह कड़वाहट भरे लंबे चुनावी कार्यक्रम के बाद आया मीठा फल है। जनता ने भले ही राज्य में किसी भी सरकार को चुना हो, मगर चाहा है कि देश का केंद्र मजबूत होना चाहिए। सत्रहवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों ने भारतीय लोकतंत्र में कई ऐसे सुखद बदलावों की ओर संकेत दिया है, जो उस वातावरण से मुक्त करता है, जो चुनाव प्रचार के दौरान नकारात्मक राजनीति के तौर पर नजर आ रहा था। राजनीतिक पंडित मोदी लहर को सिरे से खारिज कर रहे थे। वे भूल गये थे कि अंडरकरंट जनादेश मौजूद है। नि:संदेह इस चुनाव में अमित शाह की व्यूह रचना काबिलेतारीफ थी। यही वजह थी कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को कहना पड़ा कि कांग्रेस को भी एक अमित शाह की जरूरत है। बहरहाल, 2014 के मुकाबले बढ़ा जनाधार पाने से भाजपा आज उस मुकाम पर खड़ी है ताकि देश में बदलावकारी निर्णायक फैसले ले सके। हो सकता है मोदी-शाह को इतनी बड़ी कामयाबी की उम्मीद रही हो, मगर शायद ही भाजपा कार्यकर्ताओं को?भी इतनी बड़ी जीत का एहसास शायद रहा होगा। किसको उम्मीद रही होगी कि कांग्रेस की अजेय सीट अमेठी से राहुल गांधी चुनाव हार सकते हैं। यहां तक कि विपक्षी दिग्गज कुछ दिन पहले तक प्रधानमंत्री पद की दावेदारी जता रहे थे। चुनाव परिणाम का सबसे प्रगतिशील निष्कर्ष यह है कि भारतीय राजनीति में दशकों से कुंडली मारे बैठे वंशवादी राजनीति करने वाले व जातीय आधार पर वोट बैंक का दावा करने वालों को जनता ने आईना दिखाया है। उ.प्र. में महागठबंधन की नाकामी, मुलायम सिंह यादव, बिहार में लालू यादव, कर्नाटक में देवगौड़ा, तेलंगाना में टीआरएस सुप्रीमो के वारिसों को जनता द्वारा खारिज करना भारतीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत है।

नि:संदेह इस जनादेश का निष्कर्ष है कि देश का जनमानस राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान रखकर मतदान करने लगा है। हर मोर्चे पर मोदी सरकार कामयाब नहीं थी, आर्थिक नीतियों की विसंगतियों का त्रास जनता ने भोगा। रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। लेकिन फिर भी जनता को विश्वास है कि मोदी ही कुछ?कर सकते हैं। तभी 'एक बार फिर मोदी सरकार' के नारे को हकीकत में बदल दिया। जमीनी हकीकत से अनजान मायावती, जो कुछ दिन पहले तक प्रधानमंत्री बनने की खुशफहमी पाले हुए थी, उनकी जातीय राजनीति को भी शिकस्त मिली है। देश का जनमानस जाति, प्रांत व अन्य संकीर्णताओं से परे राष्ट्रीय सरोकारों को प्राथमिकता देने लगे तो यह भारतीय मतदाता के परिपक्व होने का सुखद संकेत है। नामदारों को किनारे लगाने की शृंखला में मध्य प्रदेश में राजपरिवार के ज्योतिरादित्य सिंधिया की पराजय नये लोकतंत्र की करवट है।

# अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध का लाभ उठाने के लिए ब्याज दरों में कटौती करे भारत: सोमानी



**बीजिंग (आरएनएस)।** भारत को ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए और कृषि उपज के निर्यात के लिए नीतियों में एकरूपता लानी चाहिए ताकि भारतीय निर्यातक अमेरिका - चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध का लाभ उठा सकें। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष संदीप सोमानी ने यह बात कही। कारोबारी यात्रा पर चीन आए सोमानी ने कहा कि राजग सरकार को अपने दूसरे कार्यकाल में चीन से बड़े निवेश हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए और चीन के मशीनी विनिर्माताओं को भारत में संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सोमानी ने कहा कि अमेरिका और चीन ने एक - दूसरे के निर्यात पर भारी शुल्क लगा रखा है। यह भारतीय निर्यात के कुछ श्रेणियों के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध जारी रहता है तो यह कुछ क्षेत्रों में भारतीय निर्यात के लिए अच्छा अवसर है।

सोमानी ने कहा, यदि आप प्रतिस्पर्धी बनते हैं तो हम चीन को इन क्षेत्रों में पछाड़ सकते हैं लेकिन सरकार को इसमें सहयोग करना होगा क्योंकि उत्पादन की लागत बहुत अधिक है। यह हमारे उत्पादों को प्रतिस्पर्धी नहीं बनने देते हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा हमारे यहां ब्याज दर सर्वकालिक उच्च स्तर पर है, जो हमारे उत्पादों को प्रतिस्पर्धी नहीं बनाते हैं। यह एक समस्या है। हमारी मुद्रास्फीति दर नीचे है, करीब 3 प्रतिशत के आस- पास है। ऐसे में बैंकों को 10, 11 प्रतिशत पर कर्ज देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि ब्याज दरों में एक या डेढ प्रतिशत तक की कमी करने की जरूरत है। सोमानी ने कहा कि सरकार को लगातार नीतियां अपनाकर कृषि निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन में कृषि उपज के लिए भारी संभावनाएं हैं क्योंकि वह शुद्ध आयातक है। अब जब व्यापार युद्ध चल रहा है तो भारत को चीन को सोयाबीन का निर्यात बढ़ाना चाहिए ताकि वह अमेरिकी निर्यात की जगह ले सके। सोमानी ने कहा , दुर्भाग्यवश भारतीय कृषि नीति में एकरूपता नहीं है , जब कीमतें ऊपर जाती हैं तो भारत निर्यात पर रोक लगा देता है।

## सोना 60 रुपये सस्ता, चांदी 190 रुपये फिसली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर पीली धातु की चमक तेज होने के बीच खुदरा जेवराती मांग कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 60 रुपये की साप्ताहिक गिरावट में 32,810 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस बीच औद्योगिक ग्राहकी कम आने से चाँदी भी 190 रुपये उतरकर 37,410 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।बाजार विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के कमजोर पड़ने से पीली धातु की चमक बढ़ गयी।

## पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला चौथे दिन जारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार चौथे दिन रविवार को वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने फिर दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम 14 पैसे जबकि कोलकाता में 13 पैसे प्रति लीटर बढ़ा दिए। डीजल के दाम में दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में सात पैसे जबकि चेन्नई में आठ पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, रविवार को दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 71.67 रुपये, 73.73 रुपये, 77.28 रुपये और 74.39 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में बढ़कर क्रमशः 66.64 रुपये, 68.40 रुपये, 69.83 रुपये और 70.45 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

# आर्थिक आंकड़े, वित्तीय परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**मुम्बई (आरएनएस)।** बीते सप्ताह चुनावी नतीजे के दम पर ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचने वाले घरेलू शेयर बाजार की दिशा आगामी सप्ताह जारी होने वाले दिग्गज कंपनियों के वित्तीय परिणाम, आर्थिक आंकड़े , रुपये की चाल , राजनीतिक समीकरण के अलावा वैश्विक संकेतों तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढाव से तय होगी।बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,503.95 अंक यानी 3.96 प्रतिशत की तेज छलांग लगाकर अब तक के रिकॉर्ड स्तर 39,434.72 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 436.95 अंक यानी 3.83 प्रतिशत की भारी साप्ताहिक बढ़त के साथ 11,844.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मंझोली कंपनियों के प्रति भी निवेशकों का रुझान गत सप्ताह बना रहा, जिससे बीएसई का मिडकैप 636.88 अंक यानी 4.45 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 14,945.24 अंक पर और स्मॉलकैप 812.42 अंक यानी 5.85 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 14,699.56 अंक पर बंद हुआ।बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी कारोबार के दौरान ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचे। सेंसेक्स पहली बार 40,000 अंक के आंकड़े को पार कर हुआ 40,124.96 अंक पर पहुंचा और निफ्टी भी 12,000 अंक के आंकड़े के पार 12,041.15 अंक पर पहुंचा।

## पाकिस्तान को हराने के बाद अफगानिस्तान में मना जश्न

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अफगानिस्तान उस वक्त जमकर जश्न मनाया गया, जब उसकी टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2019 के एक प्रैक्टिस मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम पाकिस्तान को हरा दिया। इस जबरदस्त जीत के बाद घाटियों में जमकर जश्न मनाया गया। लोगों ने सड़कों ने निकलकर हवा में फायरिंग की और एक-दूसरे को बधाई। इस तरह का माहौल काफी अर्से बाद अफगानिस्तान में देखने को मिला था। बता दें कि लंबे समय से आतंकवाद से परेशान अफगानिस्तान को अब भी शांति की तलाश है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में तीन सप्ताह बाद आयी गिरावट



**मुंबई (आरएनएस)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई को समाप्त सप्ताह में लगातार तीन सप्ताह की बढ़त खो हुआ 2.06 अरब डॉलर घटकर 417.99 अरब डॉलर पर आ गया।विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरी साप्ताहिक वृद्धि दर्ज करता हुआ 10 मई को समाप्त सप्ताह में 1.37 अरब डॉलर बढ़कर 27 अप्रैल 2018 के बाद के उच्चतम स्तर 420.05 अरब डॉलर पर रहा था। इससे पहले तीन मई को समाप्त सप्ताह में यह 17.19 करोड़ डॉलर बढ़कर 418.68 अरब डॉलर पर और 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 4.37 अरब डॉलर बढ़कर 418.51 अरब डॉलर पर रहा था। इस बार विदेशी मुद्रा भंडार 1.37 अरब डॉलर बढ़कर 27 अप्रैल 2018 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आँकड़ों के अनुसार, 17 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.03 अरब डॉलर घटकर 390.19 अरब डॉलर पर आ गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 23.02 अरब डॉलर स्थिर रहा।

# प्रैक्टिस मैच में हार, फिर खुली टीम इंडिया की पोल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वर्ल्ड कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले भारतीय टीम शनिवार को न्यू जीलैंड के खिलाफ अपना पहला वॉर्मअप मैच खेलने उतरी। यह मैच भारतीय टीम 6 विकेट से हार गई। भारत पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सका और 39.2 ओवर में 179 रन बनाकर आउट हो गया। भारतीय टीम को वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, लेकिन कीवी फास्ट बोलर ट्रेंट बोल्ट ने अपनी दिलकश स्विंग बोलिंग से भारतीय बैटिंग लाइनअप के शीर्ष 4 में से 3 बैट्समैनों रोहित शर्मा, शिखर धवन और लोकेश राहुल को सस्ते में निपटा दिया।

पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बोल्ट ने पहले 6 ओवर में 3 विकेट चटकाकर बिगाड़ी। बोल्ट ने अपने पहले और मैच के दूसरे ओवर में रोहित को अंदर की तरफ स्विंग होती बॉल पर विकेट के सामने पकड़ा। रिव्यू लेने का फायदा भी रोहित को नहीं मिला। क्रीज पर आए कप्तान विराट कोहली ने अगले ओवर में मैच का पहला चौका साउदी की बॉल पर जड़ा, लेकिन बोल्ट ने अपने दूसरे ओवर में शिखर धवन को विकेट के पीछे ब्लंडेल के हाथों कैच कराया।

यह बॉल भी अंदर की तरफ आई थी। इस बार रिव्यू कीवी कप्तान केन विलियमसन ने लिया और उन्हें कामयाबी हाथ लगी। इस ओवर में भी कोहली ने एक फोर जड़ा। छठे ओवर में बोल्ट की पहली बॉल पर लोकेश राहुल ने फोर जड़ा लेकिन अगली बॉल को वो स्टंप्स पर खेल बैठे। छाती तक उठी बॉल पर सिंगल निकालने के चक्कर में राहुल आउट हुए। विराट का साथ देने उतरे हार्दिक पंड्या ने चौके से खाता खोला।

बोल्ट की स्विंग को बखूबी खेल रहे विराट (18 रन) ने हार्दिक (30 रन, 37 बॉल, 6 फोर) के साथ मिलकर स्कोर को 39 तक पहुंचाया। 11वें ओवर में अपना पहला ओवर डालने आए कोलिन डि ग्रैंडहोम ने विराट को बोल्ड किया। इसके बाद हार्दिक और धोनी के बीच चौथे विकेट के लिए 38 रन की पार्टनरशिप की। 20वें ओवर में जेम्स नीशम ने हार्दिक और दिनेश कार्तिक (4) के विकेट निकाल कर भारत का स्कोर 81/6 कर दिया।

## आज का राशिफल

मेषः- आज शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, ट्रांसफर की योजना सफल हो सकती है। पराक्रम में वृद्धि होगी।

मिथुनः- आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने का मौका मिलेगा।

कर्कः- आज जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः- आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः- आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयमित सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिकः- माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः- आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः- आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सबकुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है।

## झटपट से तैयार करें शाही खजूर हलवा

**रमजान के पाक महीने में खजूर से बनने वाली एक दूसरी डिश करेंगे ट्राय जो है शाही हलवा। जिसे बनाना है बहुत ही आसान और स्वाद है एकदम लाजवाब।**



### सामग्री :

खजूर-2 कप, फ्रेश नारियल- 1 बाउल ( कद्दूकस किया), मावा-1 कप, चीनी-1/2 कप, घी-1/2 कप, ड्रॉयफ्रूट्स-1/2 कप (बारीक कटा)

### विधि :

सबसे पहले खजूर को धोकर उनके बीज निकालें और पेस्ट बना लें।

अब एक पैन में घी गर्म करें। फिर खजूर के पेस्ट को 2 से 3 मिनट तक धीमी आंच पर भून लें। फिर इसमें मावा, नारियल और चीनी डालकर 5 से 6 मिनट तक भून लें। जब मिक्सचर थोड़ा सूख जाए तब गैस बंद कर दें।

हलवे को सर्विंग कप में निकालें और ऊपर से ड्रॉयफ्रूट्स डालकर गर्निश करके सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 76

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाला 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 75 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | बा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | याँ | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 75 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |